Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
E-mail: fdptr82@gmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

प्रेस नोट

पन्ना–222 का सफलतापूर्वक बेहोश कर रेडियो कालर पहनाया गया।

उल्लेखनीय है कि माह जनवरी 2013 से पूर्व पन्ना–222 जो कि टी–2 की दूसरी संतना की दूसरी बाघिन है, जिन्हें टी–2 के द्वारा महज 12 महीनों में अपने से अलग कर दिया था, उन्हें पूर्व में सितम्बर 2013 में कुंजवन के पास में जंगलों में रेडियो कालर कर मड़ला परिक्षेत्र मे कमानी तालाब के पास छोड़ा गया था, परन्तु महज 4 घंटों में ही पन्ना–222 के द्वारा रेडियो कालर गिरा दिया गया व स्वच्छंद विचरण करने लगी। माह जनवरी 2014 में उसकी उपस्थिति छतरपुर जिले के पलकोहा क्षेत्र में देखी गई। तब से इस बाघिन का रेडियो कालर करने का प्रयास लगातार जारी रहा । यहां की भौगोलिक आकार की कठिनाइयों को देखते हुए लगातार 04 बार किये गये प्रयासों के फलस्वरूप कल दिनांक 25.05.2014 को शाम 4.30 बजे उसे सफलतापूर्वक बेहोश कर रेडियो कालर पहनाया गया। पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघिनों की कमी की पूर्ति करने की दिशा में पन्ना–222 छतरपुर जिले के चन्द्रनगर परिक्षेत्र को बाघों से आवाद करने में अपना योगदान देगी, ऐसा पार्क प्रबन्धन की समझ है। यह कार्यक्रम क्षेत्र संचालक के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ, जिसका तकनीकी नेतृत्व डा0 संजीव कुमार गुप्ता, वन्यप्राणी चिकित्सक पन्ना टाइगर रिजर्व ने निभाया। इस कार्यक्रम को मूर्त देने में परिक्षेत्र अधिकारी पन्ना, चन्द्रनगर एवं किशनगढ़ का योगदान उत्कृष्ट रहा।

"जय हिन्द"

दिनांक – 26.05.2014

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना